वर्ष- 3 , अंक- 80

छपरा

12 फरवरी गुरूवार 2026

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

## आज देशभर में बैंक हड़ताल: नए लेबर कोड और 5-डे वर्क वीक की मांग को लेकर कर्मचारियों का ऐलान

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश भर में आज यानी 12 फरवरी को सभी बैंक के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। देश के बड़े बैंक संगठनों ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन (AIBEA), ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (AIBOA) और बैंक एम्प्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (BEFI ) जैने कल हड़ताल का ऐलान किया है।

हड़ताल के चलते स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने ग्राहकों को सूचित किया है कि 12 फरवरी को हड़ताल के कारण बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। एसबीआई के अलावा आईडीबीआई (IDBI) बैंक को भी यूनियन की ओर से हड़ताल का नोटिस मिला है। हालांकि, RBI या अन्य बैंकों ने इस दिन छुट्टी घोषित नहीं की है, लेकिन कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने से शाखाओं में कामकाज पर प्रभाव पड़ेगा।

**नए लेबर कोड का विरोध कर रहे कर्मचारी :**हड़ताल का मुख्य कारण केंद्र सरकार के 4 नए लेबर कोड हैं। यूनियनों का कहना है कि ये कोड 29 पुराने श्रम कानूनों की जगह



लेंगे, जिससे कर्मचारियों के अधिकारों में कटौती होगी और ट्रेड यूनियनों का रजिस्ट्रेशन कराना मुश्किल हो जाएगा।

इसके साथ ही कर्मचारी लंबे समय से बैंकिंग सेक्टर में 5-डे वर्क वीक (हफ्ते में 5 दिन काम) लागू करने की मांग कर रहे हैं। यूनियनों का तर्क है कि काम के बढ़ते दबाव के कारण कर्मचारियों का वर्क-लाइफ बैलेंस बिगड़ रहा है। फिलहाल बैंकों में दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी रहती है, जिसे कर्मचारी हर शनिवार लागू करने की मांग कर रहे हैं।

### कौन-कौन सी सर्विसेज चालू रहेंगी?

**UPI और डिजिटल पेमेंट :** गूगल पे, फोनपे , पेटीएम और भीम यूपीआई (BHIM UPI) पूरी तरह काम करेंगे। आप दुकानों पर पेमेंट और ऑनलाइन शॉपिंग आराम से कर सकेंगे।

**इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग :** आप अपने मोबाइल एप या कंप्यूटर से पैसे ट्रांसफर (IMPS/NEFT/RTGS) कर पाएंगे। बैलेंस चेक करना या बिल पेमेंट जैसे काम चलते रहेंगे।

**प्राइवेट बैंक :** HDFC, ICICI, और Axis जैसे बड़े प्राइवेट बैंक खुले रहेंगे। इनके कस्टमर्स के सभी काम सामान्य रूप से चलते रहेंगे।

एटीएम (ATM): तकनीकी रूप से एटीएम बंद नहीं किए जाते। यदि एटीएम में कैश मौजूद है, तो आप कार्ड से पैसे निकाल पाएंगे।

लोकसभा में रिजिजू बोले- पीएम पर आरोप लगाया, सबूत दें

## राहुल ने कहा- अभी दे रहा ; स्पीकर बोले- मैंने नहीं मांगा ; एपस्टीन फाइल्स के जिक्र पर हंगामा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को भाषण दिया। उन्होंने अमेरिका के साथ ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स के खुलासे और बजट को लेकर सरकार की आलोचना की। राहुल ने कहा- अमेरिका और चीन की नजर भारत के लोगों के डेटा पर है। अगर अमेरिका को सुपरपावर बने रहना हैं तो इसकी चाबी भारतीय डेटा ही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा- अगर हमारी सरकार होती और इंडिया ब्लॉक अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से बातचीत कर रहा होता तो मैं कहता कि डील पर बराबरी से बात होगी। हम आपके नौकर नहीं है। क्या अमेरिका तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे। राहुल ने कहा- आपने (केंद्र सरकार) भारत को बेच दिया है। आपने हमारी मां, भारत माता को बेच दिया है। क्या आपको भारत माता को बेचने में शर्म नहीं आती? मैं जानता हूं कि प्रधानमंत्री ने भारत को क्यों बेचा? क्योंकि ट्रम्प उनका गला दबा रहे हैं।



### राहुल बोले- एपस्टीन फाइल्स में अनिल अंबानी का नाम, इसलिए वे जेल नहीं गए

राहुल गांधी ने कहा- अनिल अंबानी को जेल क्यों नहीं हुई? क्योंकि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है। मैं हरदीप पुरी से भी पूछना चाहता हूं। मैं जानता हूं कि अनिल अंबानी को एपस्टीन से किसने मिलवाया था, और हरदीप पुरी भी जानते हैं कि किसने उन्हें मिलवाया था।

**राहुल बोले- क्या सरकार को भारत को बेचने में कोई शर्म नहीं आई-**राहुल गांधी ने कहा- मैं कह रहा हूं कि आपने (केंद्र सरकार) भारत को बेच दिया है। क्या आपको भारत को बेचने में शर्म नहीं आई? क्या आपको भारत को बेचने में कोई शर्म नहीं है? आपने हमारी मां, भारत माता को बेच दिया है। राहुल ने कहा- मैं जानता हूं कि प्रधानमंत्री सामान्य परिस्थितियों में भारत को नहीं बेचते। आप जानते हैं उन्होंने भारत को क्यों बेचा? क्योंकि ट्रम्प उनका गला घोंट रहे हैं। उन्होंने उनकी गर्दन पकड़ रखी है। हम प्रधानमंत्री की आंखों में डर देख सकते हैं।

### नरवणे की किताब पर रिजिजू बोले- राहुल संवेदनशील मुद्दे का इस्तेमाल कर रहे

पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे (रिटायर्ड) की किताब को लेकर उठे विवाद पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- यह पूरा मामला देश की जनता के सामने है कि संसद का एक सदस्य (राहुल गांधी) किस तरह सुरक्षा से जुड़े इतने संवेदनशील मामले का गलत तरीके से राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है।

रिजिजू ने कहा- यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर सेना प्रमुख और रक्षा मंत्री की हर बातचीत, सीनियर सेना अधिकारियों के बीच या प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच हर बातचीत सार्वजनिक कर दी जाएगी, तो देश की सुरक्षा कैसे कायम रखी जा सकती है?




## यूपी का 9.12 लाख करोड़ का रिकॉर्ड बजट, बेटियों को 1 लाख

स्मार्ट फोन के लिए 2374 करोड़ रुपए बांटे जाएंगे

**लखनऊ,एजेंसी।** योगी सरकार ने चुनाव से पहले अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया। 9 लाख 12 हजार करोड़ का ये बजट पिछले साल से 12% ज्यादा है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिलाओं, इंफ्रास्टक्चर पर खास फोकस किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 43 हजार करोड़ रुपए की नई योजनाएं शुरू करने का ऐलान किया।

अब बेटियों की शादी के लिए 51 हजार की जगह 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। 10 लाख युवाओं को रोजगार दिए जाएंगे। प्रदेश में 60 मेडिकल कॉलेज हैं, 16 नए और खोले जाएंगे। 3 यूनिवर्सिटीज को भी शुरू किया जाएगा। केंद्र की तरह ही राज्य सरकार 7 शहरों को स्मार्ट सिटी डेवलप करेगी।

मेधावी छात्रों को 400 करोड़ रुपए से स्कूटी बांटी जाएंगी। वहीं, मध्यम वर्ग को घर दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद नई न्यू रेजीडेंसियल स्कीम लॉन्च करेगी। 34 हजार करोड़ रुपए से नार्थ-ईस्ट कॉरिडोर बनाया जाएगा। गोरखपुर से लेकर नेपाल बॉर्डर होते हुए सहारनपुर तक जाएगा। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट में अब 2 की बजाय अब 5 रनवे बनेगा।

योगी सरकार ने बजट का 25% इंफ्रास्टक्चर को दिया है। वहीं, कृषि को 12%, उच्च से लेकर बेसिक एजुकेशन को 12.50 से 15% तक, जबकि हेल्थ को 6-8% अमाउंट दिया गया है। सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का ऋण बिना ब्याज, बिना गारंटी मिलेगा।

सरकार ने एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए 225 करोड़ रुपए दिए हैं। अयोध्या और नैमिषारण्य के विकास के लिए 100-100 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा, मेरठ, मथुरा-वृंदावन और कानपुर विकास प्राधिकरण के विकास के लिए 800 करोड़ रुपए दिया जाएगा।

## राजस्थान में 8वें वेतन आयोग और 30 हजार युवाओं को ब्याजमुक्त लोन का ऐलान

### सभी को फ्री इलाज, किसानों को सस्ती बिजली

**जयपुर ,एजेंसी।** राजस्थान सरकार की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने लगातार तीसरा फुल बजट पेश किया। करीब 2 घंटे 54 मिनट के बजट भाषण में दीया कुमारी ने सरकारी कर्मचारियों, किसानों के साथ हेल्थ सेक्टर, पेयजल, ट्रांसपोर्ट सेक्टर में कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा- 8वें वेतन आयोग के लिए हाईपावर कमेटी बनाई जाएगी। परीक्षाओं के लिए नई टेस्टिंग एजेंसी का भी बजट में ऐलान किया गया है। सरकार स्कूली बच्चों को खेल किट और जादुई पिटारा भी देगी।

जिन मरीजों के पास डॉक्यूमेंट्स नहीं है उन्हें भी अब राजस्थान में फ्री इलाज मिलेगा। बजट में मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना में अब कर्ज की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख किया है।

बजट में जलदाय विभाग में 3 हजार संविदा कर्मियों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। सरकार नई




जल नीति भी लाएगी। करीब 6500 गांवों को हर घर नल हर घर जल योजना से जोड़ा जाएगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में सरकार 1800 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़कें और ब्रिज बनाएगी। 4 जिलों में एयरपोर्ट बनाने के लिए सर्वे भी किया जाएगा।

अगले साल 15 नए रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज भी बनाए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार 30 हजार युवाओं को 10 लाख तक का ब्याज मुक्त लोन देगी।

झींगा किसानों को सस्ती बिजली भी दी जाएगी। इसके अलावा सरकार ने दूसरे राज्यों से गाड़ी खरीदने पर टैक्स में छूट का भी ऐलान किया है।

### मोहाली में 16 स्कूलों को उड़ाने की धमकी :चंडीगढ़-पंजाब के बम स्क्वॉड से जांच

**मोहाली,एजेंसी।** मोहाली के स्कूल-कॉलेजों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुबह करीब साढ़े 7 बजे भेजी मेल में कहा गया कि इनमें दोपहर 1.11 बजे बम ब्लास्ट होगा। इस मेल में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी मानव बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके अलावा 13 फरवरी को दोपहर 2.11 बजे नई दिल्ली स्थित संसद में भी बम धमाके की धमकी दी गई है। सुबह 8.50 बजे स्कूल खुलने थे, इससे पहले ही मेल पहुंच गई। जैसे ही धमकी भरी मेल मिली तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद स्कूलों में तत्काल छुट्टी कर दी गई। स्कूल मैनेजमेंट्स ने पेरेंट्स को अर्जेंट मैसेज भेजकर अपने बच्चों को घर ले जाने को कहा। इसके अलावा स्कूल बसों को भी गेट से ही लौटा दिया गया।

### सीबीएसई 12वीं की एक करोड़ कॉपियां डिजिटली चेक होंगी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** इस बार सीबीएसई 12वीं के 17 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स की कॉपियां ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से जांची जाएंगी। मतलब ये कि इन्हें डिजिटल तरीके से जांचा जाएगा। सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक होनी है। इसके लिए हर छात्र की सभी आंसर शीट्स (उत्तरपुस्तिका) के हर पन्ने को परीक्षा केंद्र में ही स्कैन करके कंप्यूटर सिस्टम में अपलोड किया जाएगा। करीब 1 करोड़ कॉपियों के लगभग 32 करोड़ पन्ने स्कैन करके अपलोड होंगे। परीक्षक इन डिजिटल कॉपियों की जांच करके ही नंबर देंगे।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील में भारत को और राहत

## दाल और 500 अरब डॉलर की खरीद भी जरूरी नहीं

**वॉशिंगटन डीसी/नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी अपनी फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए हैं। पहले जिन बातों का साफ जिक्र था, अब उन्हें या तो हटा दिया गया है या उनकी भाषा बदली गई है। पिछले हफ्ते दोनों देशों ने ट्रेड डील का ऐलान किया था। इसके बाद व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट जारी कर आगे की रूपरेखा बताई थी। लेकिन अब उसी दस्तावेज का नया वर्जन जारी हुआ है।

सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा, जिसमें दाल भी



शामिल थी। अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा लिया गया है।

500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदली गई है। पहले लिखा था कि भारत, अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए कमिटेड है। अब इसे बदलकर इरादा रखता है कर दिया गया है।

**डिजिटल सर्विस टैरिफ पर भी अमेरिका के रुख में नरमी :** नए दस्तावेज में सिर्फ एनर्जी, सूचना और संचार तकनीक, कोयला और कुछ अन्य सामान की बात कही गई है। डिजिटल सर्विस टैरिफ पर भी अमेरिका ने नरमी दिखाई है। पहले कहा गया था कि भारत यह टैरिफ हटाएगा। अब सिर्फ इतना लिखा है कि भारत डिजिटल ट्रेड के नियमों पर बातचीत के लिए तैयार है।

अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25% टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है। इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस आधिकारिक जानकारी के मुताबिक 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फरवरी 2026 के बीच अमेरिका द्वारा किए गए जिन इम्पोर्ट पर यह पेनल्टी लगी थी, उनका रिफंड दिया जाएगा।

## एमएनएस को बड़ा अधिकार: सैन्य नर्सिंग सेवा कर्मियों को मिला पूर्व सैनिक दर्जा

### सिविल नौकरियों में आरक्षण तय

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सैन्य नर्सिंग सेवा यानी एमएनएस से जुड़े कर्मियों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब एमएनएस से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को भी पूर्व सैनिक का दर्जा मिलेगा। इसके साथ ही उन्हें सिविल सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। यह फैसला लंबे समय से उठ रही मांग के बाद लिया गया है। सरकार के नए संशोधित नियम लागू होने के साथ यह व्यवस्था प्रभावी हो गई है।

सरकार ने पूर्व सैनिक पुनर्नियोजन नियमों में संशोधन कर एमएनएस कर्मियों को भी उसी श्रेणी में शामिल कर लिया है, जिसमें अब तक सेना, नौसेना और वायुसेना के पूर्व जवान आते थे। नए पूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवा और पदों में पुनः रोजगार) संशोधन नियम, 2026 के तहत यह बदलाव किया गया है। इससे एमएनएस के



सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मियों को अब समान अधिकार मिलेंगे।

**अधिसूचना कब से लागू :**रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह अधिसूचना संविधान के अनुच्छेद 309 के तहत जारी की गई है। नए नियम 9 फरवरी 2026 से लागू माने जाएंगे। संशोधित प्रावधान में साफ कहा गया है कि सैन्य नर्सिंग सेवा में किसी भी रैंक पर सेवा देने वाले कर्मी सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व सैनिक माने जाएंगे। इससे पहले एमएनएस कर्मी इस दायरे में शामिल नहीं थे।

### तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर फांदकर ट्राले में घुसी, शादी से लौट रहे 6 दोस्तों की मौत

**दौसा,एजेंसी।** राजस्थान के दौसा जिले में बीती रात एक हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें छह युवकों की अकाल मृत्यु हो गई। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे (एनएच-21) पर कैलाई गांव के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर फांद गई और सामने से आ रहे एक भारी ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वह ट्रेलर के अगले हिस्से में बुरी तरह फंस गई। इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी युवक आपस में गहरे दोस्त थे और एक शादी समारोह से खुशियां मनाकर अपने घर लौट रहे थे।

हादसा रात करीब 11 बजे के आसपास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की गति काफी अधिक थी। अचानक चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया,



जिसके कारण कार डिवाइडर को पार करते हुए दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रहे ट्रेलर के नीचे जा घुसी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सूचना मिलने पर सिकंदरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। कार की स्थिति इतनी खराब हो चुकी थी कि उसमें फंसे युवकों को निकालने के लिए क्रेन की सहायता लेनी पड़ी। काफी मशक्कत के बाद कार को ट्रेलर से अलग कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## कनाडा के स्कूल में गोलीबारी, हमलावर समेत दस की मौत; शहर में बढ़ाई गई सुरक्षा

**टोरंटो,एजेंसी।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां एक स्कूल में हुई गोलीबारी में हमलावर समेत दस लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी मंगलवार को कनाडाई पुलिस ने दी। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के अनुसार, संदिग्ध हमलावर मृत पाया गया है। पुलिस का मानना है कि उसने खुद को गोली मारी। हालांकि, अधिकारी यह भी जांच कर रहे हैं कि क्या इस घटना में कोई दूसरा संदिग्ध भी शामिल था।

बता दें कि गोलीबारी टम्बलर रिज नामक छोटे शहर में हुई, जिसकी आबादी लगभग 2,400 लोग है। पुलिस ने लोगों




से घर के अंदर रहने और सुरक्षित रहने की अपील की है। आसपास के क्षेत्रों से अतिरिक्त पुलिस बल भी भेजे गए हैं।

**स्कूलों में बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था :**पीस रिवर साउथ स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने बताया कि टम्बलर रिज सेकेंडरी स्कूल और टम्बलर रिज एलीमेंट्री स्कूल को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई गई है। बता दें कि टम्बलर रिज सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 7 से 12 तक लगभग 175 छात्र पढ़ते हैं।

**भारी सुरक्षा और मेडिकल सहायता :**पीस रिवर साउथ के विधायक लैरी न्यूफेल्ड ने कहा कि इस घटना के बाद पुलिस और एंबुलेंस जैसी अतिरिक्त टीमें भेजी गई हैं। उन्होंने सुरक्षा कारणों से ज्यादा जानकारी साझा करने से इनकार किया।

## जन गण मन से पहले बजेगा वंदे मातरम




### 3 मिनट 10 सेकंड के राष्ट्रगीत के दौरान खड़े होना जरूरी ; केंद्र ने नई गाइडलाइन जारी की

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार, अब सरकारी कार्यक्रमों, सरकारी स्कूलों के आयोजनों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान उसके सम्मान में हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर राष्ट्गीत और राष्ट्गान को एक साथ गाया या बजाया जाता है, तो वंदे मातरम पहले बजेगा, और इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। ताकि सम्मान और राष्ट्रीय भावना का स्पष्ट संदेश मिले। नए नियमों के अनुसार, अब वंदे मातरम का छह पैराग्राफ वाला 3 मिनट और 10 सेकंड का पूरा संस्करण बजाया जाएगा। इसमें दुर्गा सहित तीन हिंदू देवियों का उल्लेख है। अब तक वंदे मातरम के मूल गीत के छह पैरा में से केवल पहले दो पैरा ही गाए जाते थे।

## सरिता हत्याकांड में फरार महिला आरोपी ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर के चिड़िया बजार के सरिता प्रकाश हत्याकांड के मामले में वैशाली जिले के करतहा थाना की करतहा बुजुर्ग के रीना देवी फरार चल रही आरोपी महिला ने न्यायालय छपरा में आत्मसमर्पण को किया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि 17. 1.26 को हरिहरनाथ थाना क्षेत्र के चिड़िया बाजार स्थित नवविवाहिता सरिता के मायके में ससुराल वालों ने दहेज के लेकर हत्या कर सकर्पियों से लाकर फेंक दिया था। सरिता हत्याकांड की फरार चल रही आरोपी रीना देवी जो सरिता के ससुराल के परोसन थी। इस कांड के रीना देवी आरोपी जो फरार चल रही थी जहां हरिहर नाथ पुलिस ने उसके दरवाजे पर डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाए था जहां प्रसासनिक दबाब के कारण बुधवार को रीना देवी पति शिवचंद सिंह आरोपित ने छपरा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। थाना अध्यक्ष ने यह भी बताया कि अब तक के सरिता हत्याकांड में सात आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं.अन्य आरोपी के ऊपर छापामारी की जा रही है।

## सोनपुर में सरकारी डिग्री कॉलेज पर स्थिति स्पष्ट, विधानसभा में मंत्री का जवाब

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** बिहार विधान सभा में सोनपुर प्रखंड में सरकारी डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर पूछे गए तारांकित प्रश्न पर उच्च शिक्षा विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। विभाग की ओर से दिए गए लिखित उत्तर में कहा गया कि राज्य सरकार ने उन प्रखंडों में महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है, जहाँ पहले से कोई कॉलेज संचालित नहीं है।सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उच्च शिक्षा विभाग ने स्वीकार किया कि सरकार ने सात निश्चयङ्क3 और वित्तीय वर्ष 2025ङ्क26 के बजट अभिभाषण के तहत ऐसे प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है, जहाँ पूर्व से महाविद्यालय नहीं है।सोनपुर प्रखंड के संदर्भ में विभाग ने बताया कि यहाँ पहले से उज्ज्वल कुमार मिश्र फाउंडेशन कॉलेज तथा उज्ज्वल कुमार मिश्र फाउंडेशन ईवनिंग कॉलेज संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय के रूप में संचालित हैं। इसी आधार पर विभाग ने संकेत दिया कि सोनपुर को 'बिना कॉलेज वाले प्रखंड' की श्रेणी में नहीं रखा गया है। उच्च शिक्षा विभाग के उप सचिव द्वारा 1 फरवरी 2026 को जारी पत्र की प्रतिलिपि बिहार विधान सभा सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग और शिक्षा विभाग की संबंधित प्रशाखाओं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी गई है। साथ ही आईटी मैनेजर को प्रश्नोत्तर को बिहार विधान सभा के लिए ऑनलाइन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इस जवाब के बाद सोनपुर में सरकारी डिग्री कॉलेज खोलने की मांग पर चर्चा तेज हो सकती है। स्थानीय छात्र-छात्राओं और अभिभावकों की नजर अब सरकार की आगे की नीति पर टिकी है। सोनपुर में चल रही उज्ज्वल कुमार मिश्र फाउंडेशन कॉलेज तथा उज्ज्वल कुमार मिश्र फाउंडेशन ईवनिंग कॉलेज संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय के रूप में संचालित के बिषय में जानकारी ली गयी तो क्षेत्र के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, बुद्धिजीवियों एवं अखिल विद्यार्थी परिषद के प्रांत संयोजक यशवंत कुमार एवं आशुतोष कुमार,अमरनाथ झा सहित अन्य लोगो से पूछे जाने पर पर लोगों ने इस तरह के कॉलेज या संस्थान के बिषय में बताने से इनकार किया और कहा कि हो सकता है कागज के पन्नों पर यह कॉलेज चल रही है। धरातल पर तो पी आर कॉलेज ही चल रही है।

## चोरी के मोटरसाइकिल के साथ एक युवक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नायगांव पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक चोरी के मोटरसाइकिल के जप्त करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बुधवार को बताया कि थाना क्षेत्र के शोभेपुर में वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल हीरो होंडा जिसका नंबर प्लेट गलत पाया गया.जहां वाहन को जप्त करते हुए वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक दरियापुर थाना के सैदपुर परसा गांव के चांद मोहम्मद के पुत्र जावेद आलम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस असली वाहन मालिक कौन है और गाड़ी का असली नम्बर क्या है इसके विषय में जांच पड़ताल कर रही है।

## मोबाइल लूट मामले में दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र छपरा--हाजीपुर नेशनल हाईवे 19 पर सोनपुर के एक लाइन होटल के समीप वर्ष 2024 के 13 मई को एक व्यक्ति की हुई मोबाइल लूट मामले में सोनपुर पुलिस ने दो युवकों को लूटे गए मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया है. सोनपुर थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बुधवार को बताया कि उक्त व्यक्ति के एप्पल कंपनी, सैमसंग का मोबाइल बदमाशों ने लूट लिया था.छापेमारी के दौरान इस मामले में लूट की मोबाइल के साथ कसमर के अमन कुमार व भरपुरा पंचायत के साधु कुमार को मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि वैशाली जिले के देसरी थाना के एक युवक जो सीतलपुर से घर 12.5.24 को जा रहा था.इसी दौरान एन एच 19 ममता लाइन होटल के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार 4 बदमाशों द्वारा पिस्तौल का भय दिखाकर दो मोबाइल, आधार कार्ड,पर्स नगर 700/-,एटीएम कार्ड लूट कर फरार हो गया था। जहां पुलिस ने मामले की तहकीकात करते हुए इसकी जांच पड़ताल करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## सोनपुर विधायक विनय सिंह ने नयागांव को प्रखंड बनाने की उठाई मांग

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** बिहार विधानसभा के चालू सत्र में सोनपुर के विधायक विनय सिंह ने तारांकित प्रश्न संख्या 18/2/1427 के तहत सोनपुर प्रखंड के पुनर्गठन का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने सदन में मांग की कि सोनपुर प्रखंड के 23 पंचायतों में से 10 पंचायतों को अलग कर नयागांव को नया प्रखंड बनाया जाए।विधायक ने कहा कि सोनपुर प्रखंड का क्षेत्रफल और आबादी काफी अधिक होने के कारण प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन में कठिनाई होती है, जिससे आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पाता। विनय सिंह ने तर्क दिया कि नयागांव को प्रखंड का दर्जा मिलने से प्रशासनिक विकेंद्रीकरण को बढ़ावा मिलेगा और विकास योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।उन्होंने कहा कि नए प्रखंड के गठन से क्षेत्र के लोगों को प्रखंड कार्यालय के कार्यों के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर निगरानी भी बेहतर होगी। विधायक की इस मांग को क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब सरकार के जवाब और आगामी कार्रवाई पर क्षेत्रवासियों की नजरें टिकी हुई हैं।

## चलती ट्रेन से गिरकर पच्चीस वर्षीय युवक की मौत

**दिघवारा(सारण)।** छपरा सोनपुर रेलखंड पर अवतारनगर स्टेशन व मां अंबिका भवानी हॉल्ट के मध्य हराजी गांव के 19 नंबर रेलवे फाटक के समीप बुधवार को ट्रेन से गिरने से एक यात्री के मौत हो गई जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। मृत युवक लगभग 25 वर्ष का बताया जाता है और वह ब्लू जींस और शर्ट पहने हुए था।ग्रामीणों से मिली सूचना के अनुसार किसी ट्रेन से अनियंत्रित होकर गिरने के कारण उसकी मौत हुई है।लोगों ने शव को रेलवे लाइन के किनारे पड़ा देखा,जिसके बाद अवतारनगर पुलिस को इसकी सूचना दी।सूचना मिलने पर अवतारनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे ले लिया।

# महाशिवरात्रि को लेकर सोनपुर अनुमंडल सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित

### ● शिव बरात में ड्रोन कैमरा से की जाएगी निगरानी



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** महाशिवरात्रि महोत्सव पर बाबा हरिहरनाथ मंदिर समेत अनुमंडल क्षेत्र के अन्य शिवालयों से निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर और पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोनपुर अनुमंडल सभागार में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सगिंधा नेहा ने की। बैठक में सोनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रतीश कुमार, सोनपुर बीडीओ अरोमा मोदी, सीओ राजकमल , नगर कार्यपालक पदाधिकारी शशि कुमार, प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी, विधुत जेई सुरज कुमार, अग्नि श्मन पदाधिकारी दीपक कुमार सहित विभागीय प्रशासनिक पदाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में एसडीओ ने कहा कि महाशिवरात्रि श्रद्धा और आस्था का पर्व है, जिसे आपसी भाईचारे के साथ मनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पर्व के दौरान निकलने वाले जुलूस एवं धार्मिक कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किए जाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ नारेबाजी या अनुचित गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह निर्देश जारी किया गया कि जिन शिवालयों से शिव बरात (जुलूस) निकालने वाली है उस पूजा समितियों को 13 फरबरी तक थाने में आवेदन देना होगा.उन्हें जुलूस के रूट चार्ट,समय-सारिणी देना होगा। शिव बरात के जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। बैठक में भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था, बिजली एवं पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई तथा डीजे,अश्लील गीत,भरकाऊ गाने बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीओ ने आयोजकों को निर्देश दिया कि निर्धारित मार्ग और समय का सख्ती से पालन करें तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि पर्व के दौरान संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सीसीटीवी एवं मोबाइल पेट्रोलिंग के माध्यम से लगातार हर गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी।एसडीपीओ ने कहा कि मार्ग के हर चौक-चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहेगा. असामाजिक तत्वों, अफवाह फैलाने वालों एवं शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि पर्व के दौरान आपसी समन्वय बनाकर किसी भी विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। अंत में डीएसपी प्रतीश कुमार ने सभी से शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाने की अपील करते हुए बैठक का समापन किया।

## विद्यालय से लापता बच्चे छपरा से बरामद

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के आदर्श मध्य विद्यालय खैरा में पढ़ने गए खैरा हरेराम के टोला गांव निवासी सोमवार के दिन से दो बच्चे लापता हो गए थे,जिसे पुलिस ने छपरा जंक्शन से बरामद कर लिया. वही खैरा थाना पुलिस प्रशासन ने छात्रों को बरामद कर पूछ ताछ कर कागजी प्रक्रिया पूरी कर सौंप देने की बात कही. इस संबंध ने खैरा के प्रभारी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि केस के आईओ एसआई अभिनन्द कुमार सूचना मिलने के बाद छपरा जंक्शन पर दल बल के साथ पहुंचकर दोनों बच्चे अजय राय के पुत्र अंकित और मनोज महतो के पुत्र अमन को लेकर थाना आए ,उसके बाद उससे पूछ ताछ कि गई ,जिसमें दोनों बच्चों ने बताया कि खैरा स्टेशन पर लगी ट्रेन में चढ़ गए ,तब तक ट्रेन खुल गई उसके बाद सीधे एकमा और दीघा फिर वापिस छपरा पहुंचे जहां परिजन और पुलिस के सहयोग से दोनों को बरामद कर लिया गया। बुधवार को आई ओ अभिनंदन कुमार ने दोनों छात्रों को कोर्ट में पेश कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए परिजनों को सौंप दिए।



## एक हाथ गंवाया, हौसला नहींजलालपुर का कुंदन बना आत्मनिर्भरता की मिसाल

**नित्यानंद कुमार।** दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)। प्रखंड के जलालपुर गांव के दिव्यांग युवक कुंदन ने यह साबित कर दिया है कि हौसला मजबूत हो तो कोई भी शारीरिक कमी जीवन की राह नहीं रोक सकती। वर्ष 2020 में एक सड़क दुर्घटना में एक हाथ गंवाने के बाद भी कुंदन ने हालात के आगे घुटने नहीं टेके। जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने के बजाय उन्होंने मेहनत और ईमानदारी का रास्ता चुना। आज कुंदन प्रखंड मुख्यालय के सामने ठेला लगाकर फल बेचते हैं। उनका मृदुल स्वभाव, विनम्र व्यवहार और चेहरे पर हमेशा बनी रहने वाली मुस्कान उन्हें ग्राहकों के बीच खास बना देती है। लोग न सिर्फ फल खरीदने आते हैं, बल्कि उनके संघर्ष और सकारात्मक सोच की भी सराहना करते हैं। कुंदन का जीवन संदेश देता है कि शारीरिक अक्षमता कभी भी आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन में बाधा नहीं बन सकती। उनकी संघर्षगाथा खासकर उन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, जिनके सभी अंग स्वस्थ हैं, फिर भी वे गलत रास्तों और आपराधिक गतिविधियों की ओर बढ़ जाते हैं। कुंदन, स्वर्गीय लक्ष्मण साह के बड़े पुत्र हैं। उनका एक छोटा भाई है, वहीं कुंदन इंटर पास है। कुंदन की पत्नी अनीता देवी गूंगी हैं, जिनसे उन्होंने पूरी समझ-बूझ के साथ विवाह किया। उनके परिवार में दो वर्ष का एक पुत्र और एक वर्ष की एक पुत्री है। सरकारी सहायता की बात करें तो कुंदन को फिलहाल सिर्फ दिव्यांग पेंशन मिल रही है। इसके अलावा उन्हें किसी अन्य सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भी अब तक उन्हें आवास का लाभ नहीं मिल सका है। इसके बावजूद कुंदन ने कभी हार नहीं मानी। वे आज भी पूरे आत्मसम्मान के साथ मेहनत कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। जलालपुर का यह दिव्यांग युवक समाज के लिए एक सशक्त संदेश है कि मेहनत, ईमानदारी और सकारात्मक सोच से जीवन को नई दिशा दी जा सकती है।

## परसा में गोदाम में लगी भीषण आग, करोड़ो की संपत्ति जलकर राख

**परसा (सारण)।** चेतन परसा स्थित आरती ट्रेडर्स के फॉर्च्यून एजेंसी के गोदाम में बुधवार की अहले सुबह में भीषण आग लग गई। इस घटना में करीब आठ करोड़ रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई । घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने गोदाम में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया और धुएं का गुबार दूर-दूर तक फैल गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस दल परसा, मकेर, भेलदी और सोनपुर थाना क्षेत्र से अग्निशमन दल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कुल छह दमकल वाहन बुलाए गए, जिन्होंने घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उसे नियंत्रित करने में काफी समय लगा। स्थानीय लोग भी पम्पिंग सेट के माध्यम से आग बुझाने में सहयोग करते नजर आए। वही फॉर्च्यून कंपनी के अधिकारी भी जांच करने पहुचे। दुकानदार सैदपुर निवासी राहुल कुमार उर्फ भोला साह ने बताया कि इस आगलगी में फॉर्च्यून कंपनी का रिफाइन एल, करुतेल, बेसन, सूजी, आदि का हजारो पैकेट करीब आठ करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति के जलकर नष्ट होने की आशंका है। हालांकि एजेंसी के मालिक परसा सैदपुर निवासी भोला साह घटना से काफी व्यथित और सदमे में बताए जा रहे हैं। वे फिलहाल नुकसान को लेकर स्पष्ट जानकारी देने की स्थिति में नहीं हैं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए भारी क्षति से इंकार नहीं किया जा सकता।आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों की संभावना जताई जा रही है। प्रशासन की ओर से मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात किया गया। गोदाम से काफी तेज धुआं निकल रहा था बताया जाता है कि भोला साह अपनी एजेंसी के लिए गोदाम किराए पर ले रखे हैं। आज सुबह करीब पाच बजे बजे मकान मालिक सह अन्याय पंचायत पैक्स अध्यक्ष अजय सिंह किसी काम से गोदाम के समीप गए हुए थे, तभी उन्होंने देखा कि गोदाम से काफी तेज धुआं निकल रहा है। इसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई और पुलिस को जानकारी दी गई। उसके बाद कार्रवाई शुरू की गई।



## स्कूल के किचेन का ताला तोड़कर हजारों रुपए की सामान की चोरी

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीनगर में मंगलवार की बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा किचेन का ताला तोड़कर किचेन में रखे दो गैस सिलेंडर ,एक बड़ा स्टील का बाल्टी ,एक बड़ा अलमुनियम का कड़ाही चोरी कर ली गई है ,साथ ही विद्यालय के आठवीं कक्षा के कमरा का तला का गुंडी टेढ़ा कर दिया गया है.वहीं विद्यालय प्रधानाध्यापक नासिर गनी अंसारी ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह बुधवार को भी विद्यालय पहुंचा तो देखा कि ताला टूटा हुआ था.वहीं इस संबंध में खैरा प्रभारी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी है ,जांच पड़ताल की जा रही है.

## ट्रेन से शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** आरपीएफ ने ट्रेन से शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि बुधवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशानुसार ट्रेन एस्कार्ट कंपनी गोरखपुर पूर्व, टास्क टीम रेलवे सुरक्षा बलद्वारा गाड़ी संख्या 14674 अमृतसर - जयनगर शहीद एक्सप्रेस के कोच संख्या बी वन में अपराधिक गतिविधि निगरानी के दौरान एक तस्कर को पिठू बैग व एक हैंड बैग के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसमें 60 बोतल शराब बरामद हुआ। बरामद शराब की कीमत नौ हजार 480 रुपया है। जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु उत्पाद विभाग सदर को सुपुर्द कर दिया गया। गिरफ्तार वैशाली जिला के काजीपुर थाना क्षेत्र के भटण्डी निवासी राहुल रंजन है।

## सीवान ~ 140 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार की सुबह कार से शराब बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में उत्पाद अधीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि सदर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अंकेश कुमार को सूचना मिली थी कि यूपी से एक कार में शराब की खेप आ रही हैं। जिसके बाद टीम द्वारा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुता फैक्ट्री मोड़ के समीप वाहन जांच की जा रही थी जांच के दौरान एक कार आती देखी जिसे रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन उसने भागने का प्रयास किया गया। जिसे पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया। कार से 140 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। वही दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्करों में वैशाली जिले के धनौती निवासी दीपक पटेल और सुजीत प्रकाश हैं। पूछताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि हमलोग यूपी से शराब लेकर हाजीपुर जा रहे थे। जहां हम सभी शराब की तस्करी करते हैं। इसके बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से रेलवे ढाला का टूट बूम

सिवान। जीरादेई स्टेशन के पश्चिमी रेलवे समपार संख्या -96 बी के बंद बूम को एक ट्रैक्टर चालक द्वारा धक्का मारकर तोड़ दियागया। इस संबंध में आरपीएफ ने कार्रवाई की है।मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी से प्राप्त सूचना मिली कि जीरादेई रेलवे स्टेशन के पश्चिम में अवस्थित गेट संख्या 96 बी को बंद हालत में एक ट्रैक्टर चालक द्वारा धक्का मार कर तोड़ दिया गया है। आरपीएफ पोस्ट से सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह साथ कांस्टेबल अभिषेक कुमार भारती रवाना होकर उक्त रेलवे गेट पर पहुंचे, तो वहां पर ट्रैक्टर को आन ड्यूटी गेटमैन द्वारा रोक कर गेट के बगल में रखा गया था। पहुंचने के उपरांत उक्त गेटमैन द्वारा पूछताछ करने पर उसने बताया कि गाड़ी संख्या यूपी मालगाड़ी को पास करने के लिए 7~34 में गेट को बंद किया था कि इस दरमियान एक ट्रैक्टर चालक उत्तर तरफ से तेज गति से आते हुए लापरवाही पूर्वक बूम में धक्का मार कर बूम को तोड़ दिया। उक्त चालक को रोक लिया गया तथा इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी गई। उक्त गेट को कर्मियों द्वारा ठीक कर दिया गया तथा इसके बाबत घटना का निरीक्षण कर संयुक्त निरीक्षण नोट तैयार किया गया। गेटमैन दिलदार सिंह द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी हुई। इस घटना के कारण कोई गाड़ी लंबित नहीं हुई है।

## जिलाधिकारी ने तीन प्रखंडों का किया निरीक्षण

हुसैनगंज (सिवान)। जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने बुधवार को हसनपुरा, आंदर एवं हुसैनगंज प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बीडीओ व सीओ से वन-टू-वन सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा जहां पेंशन, मनरेगा, कृषि, आवास, लोहिया स्वच्छ भारत, जाति, आय,निवास, एलपीसी, दाखिल-खारिज, परिमार्जन आदि के बारे में पूछताछ की। साथ ही सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना फार्मर रजिस्ट्री के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। वहीं हुसैनगंज एवं हसनपुरा नगर पंचायत एवं सिवान नगर परिषद के लिए कचरा डंपिंग यार्ड एवं प्रशासनिक भवन की भूमि चयनित, प्रखंड मुख्यालय के चयनित भूमि के दूरी के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि किसानों के हित में फार्मर रजिस्ट्री को ले समीक्षा हेतु सभी प्रखंड स्तरीय कर्मियों को लगाया गया है। ताकि इस योजना से कोई भी किसान वंचित न रह सके। इस मौके पर हसनपुरा बीडीओ आनंद प्रकाश सिंह, सीओ उदयन सिंह, हुसैनगंज सीओ दिव्य प्रकाश, आंदर सीओ नीलम कुमारी एवं बीडीओ रवि कुमार उपस्थित थे।

## उद्घाटन मैच में बिजुलिया ने महाराज को 37 रन से हराया

हसनपुरा(सिवान)। प्रखंड के सहुली स्थित पब्लिक उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज के खेल मैदान में बुधवार को वाईसीसी क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बिजुलिया बनाम महाराजगंज टीम के बीच खेला गया। इसमें बिजुलिया की टीम 37 रन से विजयी हुई। बिजुलिया की टीम ने पहले टास जीतकर निर्धारित 16 ओवरों के मैच में 198 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में महाराजगंज की टीम ने विजयी लक्ष्य का पीछा करते हुए 161 रनों पर सिमट गई। इस टूर्नामेंट के मैन आफ द मैच बिजुलिया टीम के खिलाड़ी गौरव कुमार को दिया गया।

## करसौत पेट्रोल पंप पर हथियार के बल पर रंगदारी,प्राथमिकी दर्ज

**परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के करसौत स्थित मां वैष्ण सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप पर नौ फरवरी की रात हथियार दिखाकर रंगदारी में पेट्रोल भरवाने का मामला प्रकाश में आया है।इस घटना को लेकर करसौत निवासी त्रिभुवन कुमार शुक्ला के बयान पर चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में रामजी छपरा एवं कंगाली छपरा निवासी रजत कुमार उर्फ दाजू, पिंटू राम, मुन्ना कुमार एवं सुनील राम को आरोपित किया गया है। बताया गया है कि सभी आरोपित हथियार दिखाकर पेट्रोल पंप कर्मियों में भय का माहौल बनाते हुए रंगदारी में पेट्रोल भरवाकर फरार हो गए। पीड़ित ने अपने बयान में यह भी उल्लेख किया है कि आरोपित इससे पूर्व भी इसी तरह रंगदारी में पेट्रोल भरवाकर जा चुके हैं। इस कारण पेट्रोल पंप कर्मियों में दहशत का माहौल है और आशंका जताई जा रही है कि भविष्य में आरोपित किसी बड़ी घटना को भी अंजाम दे सकते हैं। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## नाना के घर आए मासूम की नहर में डूबने से मौत,परिजनों में कोहराम

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के रतन पड़ौली गांव में तीन दिन पूर्व अपने नाना के घर आए एक आठ वर्षीय बालक की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक लड़का गोपालगंज के महम्मदपुर थाना क्षेत्र के बहदुरा निवासी जगदीश प्रसाद का पुत्र शुभम कुमार बताया जाता है। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।बताया जाता है कि शुभम तीन दिन पहले ही अपने नाना उमाशंकर महतो के घर आया था। मंगलवार की शाम से गायब था। बालक के अचानक गायब होने पर स्वजन उसकी खोजबीन शुरू किए। तभी बुधवार की सुबह में शौच करने के लिए नहर किनारे गए लोगों को नहर में झाड़ी के पास शव उपलाता हुआ दिखाई दिया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने स्वजनों को दी। नहर में शव मिलने की सूचना पर स्वजन वहां पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से निकाला गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पीएसआइ छपित कुमार चौबे पुलिस बल के साथ पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# सबलपुर पूर्वी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के सबलपुर पूर्वी पंचायत हस्ती टोला के लालू प्रसाद यादव हाई स्कूल के प्रांगण मे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है. बुधवार को लालू प्रसाद यादव हाई स्कूल सबलपुर के प्रांगण से सैकड़ो नर व नरियों ने भव्य कलश शोभा यात्रा में भाग लिया। यज्ञ स्थल से भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर गाजे बाजे के साथ यज्ञ स्थल से शोभायात्रा में शामिल होकर सबलपुर मध्यवर्ती पंचायत के बभनटोली, लाला टोली, कुम्हार टोली, कचहरी बाजार, जोगी बाबा होते हुए हरिहरनाथ के काली घाट नरायणी तट पर पहुंचा जहाँ विद्वान पड़ितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यजमान सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने गंगा जलभरी कर शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं सहित पुरुष श्रद्धालु भक्तगण ने पुनः सबलपुर यज्ञ स्थल पहुंच कर कलश स्थापित किया । उक्त बात की जानकारी देते हुए हीरा राय व समाजसेवी लाल बाबू पटेल ने बताया कि 11 फरवरी से लेकर 18 फरवरी तक भागवत कथा ज्ञान यज्ञ होंगे. जिसमे संध्याकालीन 7 बजे से भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आचार्य अभिषेक जी महाराज द्वारा प्रवचन होगा जो हरि इच्छा तक।

## जयघोष के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह व ज्ञान महायज्ञ की हुई शुरुआत

**महाराजगंज (सिवान)।** शहर के रामेश्वरम धाम मंदिर के 14 वें वार्षिकोत्सव पर भागवत कथा सप्ताह एवं ज्ञान महायोग का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत यूएससीडी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डा. विजय कुमार साहू, भाजपा नेत्री सुप्रिया जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद व्यास पीठ का पूजन कर किया। महायज्ञ के दौरान श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथावाचक रामजी शुक्ला ने कथा के दौरान कहा कि श्रीमद्भागवत सुनने से मन प्रशन्न रहता है। इस मौके पर टूटू सिंह, आजाद सिंह, सुभाष सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## किसान पंजीकरण कार्य में लापरवाही बरतने कर्मियों से डीएम ने पूछा स्पष्टीकरण

परवेज अख्तर/सीवान। जिला पदाधिकारी ने अपने स्पष्टीकरण पत्र में निर्देशित करते हुए कहा है कि विभागीय निदेशानुसार फार्मर रजिस्ट्रेशन महाअभियान का कार्य किया जाना है। जिसके महत्ता दृष्टिगत आपको आवंटित पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री करने हेतु फार्मर आईडी बनाया गया।विभागीय निदेश के आलोक में मंगलवार के अपराह्न में जिला अन्तर्गत सभी विक्रेता फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों का समीक्षा किया गया। समीक्षोपरान्त यह पाया गया कि आईडी फार्मर रजिस्ट्री का कार्य असंतोषप्रद है। उक्त कृत्य कर्त्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में जिला पदाधिकारी ने अपने निर्देशित पत्र में कहा है कि आप अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के दो दिनों के अंदर अपने कार्यालय प्रधान के माध्यम से जिला राजस्व शाखा को समर्पित करेंगें। यदि निर्धारित अवधि के अंदर स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है तो यह समझा जायेगा की आपको इस विषय पर कुछ नहीं कहना है एवं आपके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी जायेगी। आंदर प्रखंड कार्यालय के पंचायत कार्यपालक सहायक टुनटुन कुमार, शंभु कुमार साह, रवि कुमार गुप्ता, मंटू कुमार भगत, प्रकाश कुमार, ओम प्रकाश, सूरज कुमार, सुमन्त कुमार शर्मा है। उपरोक्त कर्मीयों का दस फरवरी का वेतन/मानदेय स्थगित रखने का भी आदेश जिला पदाधिकारी ने दिया है।

## सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिसवन- ताजपुर मुख्य सड़क पर ग्यासपुर काली मंदिर के समीप मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। स्वजन उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्यासपुर उत्तर टोला निवासी भिखारी यादव के पुत्र हरिशंकर यादव उर्फ कदम यादव (55) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। हरिशंकर यादव का शव गांव में पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। हरिशंकर यादव को दो पुत्र एवं एक पुत्री है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। स्वजनों के अनुसार हरिशंकर यादव घर के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे।



## आंदर बीडीओ व सीओ से किसान पंजीकरण कार्य में अपेक्षित रुचि नहीं लेने पर डीएम ने पूछा स्पष्टीकरण

**परवेज अख्तर/सीवान।** किसान पंजीकरण कार्य में रुचि नहीं लेने एवं लापरवाही बरतने को लेकर जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी आंदर से स्पष्टीकरण मांगा है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि उक्त के संबंध में अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के दो दिनों के अंदर समर्पित करना सुनिश्चित करें कि क्यों नहीं उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई हेतु विभाग को सूचित कर दिया जाय। डीएम द्वारा जारी पत्र में दोनों पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछते हुए कहा गया है कि फार्मर रजिस्ट्री अंतर्गत किसानों का ई-केवाईसी सत्यापन करने एवं बचे हुए किसानों का फार्मर आईडी तैयार किया जाना है। जिला में संचालित किसान पंजीकरण योजना के अंतर्गत प्रखंड स्तर पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया है कि आंदर प्रखंड में किसान पंजीकरण की प्रगति अत्यंत असंतोषजनक है। जिसके कारण पात्र किसान योजना के लाभ से वंचित रह रहे हैं।

## दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर हुआ समर्पण दिवस का कार्यक्रम

**सिवान।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को भाजपा कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि पर समर्पण दिवस का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के पुरोधा थे। हमारे जैसे हजारों लाखों कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के लिखे हुए पुस्तकों से प्रेरणा लेकर उनके विचारो से प्रेणना लेकर भारतीय जनता पार्टी के हिस्सा बनते हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच थी कि आज भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी बनकर निकला है। कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डाक्टर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि एकात्मक मानववाद के रचयिता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्श और विचारों पर आज हम सभी भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं को चलने की आवश्यकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के सबसे निचले पैदान पर रहने वाले व्यक्ति की चिंता की थी और आज की सरकार उनके सिद्धांतों पर चलकर देश के गरीबों वंचितों की चिंता कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिहार नागरिक परिषद के सचिव राजीव कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार बंटी, महामंत्री हरेंद्र सिंह कुशवाहा, जिला मंत्री उमाशंकर सिंह, आभा देवी, आनंद साहनी, सुभाष सिंह कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## सीवान-फार्मर रजिस्ट्री शत-प्रतिशत नहीं होने पर होगी कार्रवाई

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने फार्मर रजिस्ट्री शत-प्रतिशत नहीं होने पर कार्रवाई का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि विभागीय निदेशानुसार फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी का कार्य चल रहा है। इसके लिए जिलांतर्गत शत-प्रतिशत किसानों को ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री करवाना है। मंगलवार की देर शाम वीसी के माध्यम से संपन्न हुई बैठक में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी का कार्य संतोषप्रद नहीं पाया गया, इस कारण जिलांतर्गत शत-प्रतिशत किसानों को ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री में समस्या उत्पन्न हो रही है। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निदेश दिया है कि अविलंब प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के कार्यो की गहन समीक्षा करेंगे। यदि किसी पदाधिकारी या कर्मी द्वारा अभी तक दस अथवा दस से कम किसानों का फार्मर रजिस्ट्री करवाया गया है, वैसे पदाधिकारी व कर्मी को चिह्नित कर तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग करते हुए अगले आदेश तक वेतन व मानदेय भुगतान स्थगित कर जिला पदाधिकारी को अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे। साथ ही, यह भी निदेश दिया गया है कि यदि किसी पदाधिकारी व कर्मी द्वारा तीन दिनों में उनके कार्य में अपेक्षा के अनुरुप प्रगति होती है तो उनके द्वारा समर्पित कारण पृच्छा के आलोक में वेतन व मानदेय भुगतान करने के लिए विचार किया जा सकता है।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर आंदर पंचायत सचिव को डीएम ने किया निलंबित

**परवेज अख्तर/सीवान।** फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्य में अपेक्षित रुचि न लेने एवं लापरवाही के कारण जिला पदाधिकारी ने आंदर प्रखंड कार्यालय के पंचायत सचिव अंगद कुमार को निलंबित कर दिया है। डीएम ने बताया कि समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने पाया कि आंदर प्रखंड में किसान पंजीकरण की प्रगति अत्यंत असंतोषजनक है। उक्त कृत्य को कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता मानते हुए तथा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रखंड कार्यालय आंदर के पंचायत सचिव अंगद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित पंचायत सचिव का मुख्यालय प्रखंड कार्यालय आंदर ही रहेगा तथा वे बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी आंदर को निदेश दिया गया है कि निलंबन अवधि में कुमार पंचायत सचिव आंदर का जीवन निर्वाह भत्ता का भुगतान प्रखंड कार्यालय आंदर से ही नियमावली के प्रावधानों के अनुसार करना सुनिश्चित करेंगे।

## कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा से डीएम ने पूछा स्पष्टीकरण

**सीवान।** पदाधिकारी मनरेगा से जिला पदाधिकारी ने स्पष्टीकरण पूछा है। जिला पदाधिकारी ने अपने निर्देशित पत्र में कहा है कि समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा बड़हरिया के द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में पर्याप्त अभिरुची नही ली जा रही है, जिसके कारण प्रगति संतोषजनक नहीं है। पूर्व में कई बार स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाना है। समीक्षा के क्रम में यह भी पाया गया कि आप पंचायत रोजगार सेवक के साथ अन्य विषयों से संबंधित बैठक कर रहे थे, जिस कारण फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रहा है, जबकि वह समय फार्मर रजिस्ट्री कार्य के लिए दिया जा सकता था। पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में अपना स्पष्टीकरण समर्पित करें कि क्यों नहीं आपकी इस शिथिलता एवं लापरवाही के लिए आपके विरुद्ध कार्रवाई हेतु विभाग को प्रतिवेदित कर दिया जाय।

## मकान का ताला तोड़कर 25 लाख की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**परवेज अख्तर/सीवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरी गली नंबर चार स्थित वरिष्ठ साहित्यकार मनोज वर्मा के बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 25 लाख का गहन व 60 हजार रुपया नकद सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। घटना की जानकारी मकान मालिक को मंगलवार की देर शाम उस समय हुई जब वे लोग घर पहुंचे। तब इसकी सूचना उन्होंने थाना को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। मकान मालिक ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराया है। उन्होंने ने बताया कि एक पारिवारिक मांगलिक कार्यक्रम में शिरकत करने सपरिवार लखनऊ गए थे। मंगलवार संध्या में जब अपने घर पहुंचे तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और पूरा घर में सामान बिखरा हुआ था। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छानबीन कर बस खानापूर्ति की और आवेदन देने को कह कर चली गई। उनके घर से 25 लाख का आभूषण और 60 हजार नकद की चोरी की गई। चोर घर से सिलेंडर उठा ले गए।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

**सिवान।** जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय के आदेशानुसार महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा बुधवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं अन्य विद्यालय की छात्राओं को पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता ,उत्प्रेरक फिल्म प्रदर्शन आदि कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागार में किया गया। अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को मैडल देकर पुरस्कृत किया गया है। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस के नेतृत्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला परियोजना प्रबंधक, डब्लूसीडीसी, जिला मिशन समन्वयक, विद्यालय की शिक्षिका व सभी कर्मी उपस्थित रहें।

# शादी समारोह में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद का हुआ स्वागत

**परवेज अख्तर/सीवान।** बड़हरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित युवराज मैरिज हाल में एक शादी समारोह में राजद के लालू प्रसाद के पहुंचने की खबर मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस गतिविधियां अचानक बढ़ गई। सड़कों पर प्रशासन के अधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की चहल-पहल ने सरगर्मी को बढ़ा दिया। ज्ञात हो कि लालू प्रसाद के एक शादी समारोह आने की चर्चा थी। लालू प्रसाद के पहुंचते ही भारी संख्या में जिला से पुलिस बलों के साथ एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, एसडीओ आशुतोष कुमार, सीओ सरफराज अहमद, प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार, थानाध्यक्ष छोटन कुमार, कुंदन कुमार सहित काफी संख्या में अधिकारी और पदाधिकारी सुरक्षा को लेकर तैनात थे।जानकारी के अनुसार वर पक्ष पटना के अनिल जायसवाल के पुत्र अरुण जायसवाल का शादी समारोह था। उसी में लालू प्रसाद पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद दिए। कन्या पक्ष सिवान के नौतन प्रखंड के राजू जायसवाल की पुत्री अंजलि कुमारी जायसवाल बताई जाती है। इस मौके पर काफी संख्या में राजद नेता पहुंचकर वर-बधू को आशीर्वाद दिए। जैसे ही राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं को लालू प्रसाद के आने की खबर मिली काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं अन्य लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर लड्डू यादव, वीरेंद्र साह सहित काफी संख्या में लोग उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया।



## दाउदपुर के बंगरा में युवक को मारी गोली

**सारण, एजेंसी।** जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में बीती रात पुराने विवाद में दबंगों ने एक युवक पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं अपने दोस्त को बचाने पहुंचे एक अन्य व्यक्ति पर हमलावरों ने चाकू से प्रहार कर उसे भी लहूलुहान कर दिया। जानकारी के अनुसार बीती रात बंगरा निवासी तारकेश्वर सिंह के 32 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार सिंह अपने घर पर दोस्त के साथ बैठे थे। इसी बीच गांव के ही धड़ाका सिंह नामक युवक अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ते ही हमलावरों ने फायरिंग शुरू कर दी। जख्मी संजीव सिंह ने बताया कि एक गोली उनके जैकेट के दाहिने हिस्से को चीरते हुए निकल गई, जबकि दूसरी गोली उनके बाएं पैर में जा लगी। संजीव को बचाने आए उनके दोस्त, भीमल सिंह के 42 वर्षीय पुत्र मुन्ना सिंह पर अपराधियों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। परिजन ने आनन-फानन में दोनों घायलों को एकमा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही दाउदपुर थानाध्यक्ष रात करीब 10:00 बजे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## बारात जा रही स्कार्पियो पेड़ से टकरायी, तीन की मौत

**पूर्वी चंपारण,एजेंसी।** जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र के ढाका-घोड़ासहन मुख्य पथ पर महादेवा गांव के पास मंगलवार की देर रात सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दुर्घटना उस वक्त हुई जब बारात में शामिल होने जा रही एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर में वाहन के परखच्चे उड़ गए और वह करीब 20 मीटर दूर जा गिरा। हादसे में स्कॉर्पियो सवार तीनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों मे राजपुर थाना क्षेत्र के विनोद प्रसाद(55), उनके चचेरे भाई अनिल प्रसाद (35) और उपमुखिया गजेंद्र दास (40) है। ये तीनों एक ही गांव के निवासी थे। मृतक के परिजन के अनुसार विनोद प्रसाद के पुत्र की शादी घोड़ासहन के एक मैरेज हॉल में हो थी। ये तीनों राजेपुर से उसी बारात में शामिल होने के लिए अपनी स्कॉर्पियो से जा रहे थे। महादेवा के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित गाड़ी को साइड देने के प्रयास में स्कॉर्पियो चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। स्थानीय लोगो के अनुसार स्कॉर्पियो पेड़ से टकराने के बाद हवा में उछलकर करीब 20 मीटर दूर जा गिरी।

## कटिहार से अमृतसर वाया फारबिसगंज,ललितग्राम चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

**अररिया ,एजेंसी।** बिहार से दूसरे प्रदेशों में काम करने वाले कामगारों की सुविधा और होली जैसे पर्व में घर वापसी को लेकर रेलवे ने कटिहार से अमृतसर होली स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। कटिहार से अमृतसर के लिए वाया फारबिसगंज, ललितग्राम,सरायगढ़, निर्मली, झंझारपुर, सकरी,दरभंगा होकर होली स्पेशल ट्रेन चलेगी। गाड़ी संख्या 05735 / 05736 कटिहार अमृतसर होली स्पेशल स्पेशल वाया पूर्णिया,फारबिसगंज,सरायगढ़,दरभंगा होकर अमृतसर ट्रेन जाएगी। वहीं कटिहार से 18 फरवरी से 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को और अमृतसर से 20 फरवरी से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को ट्रेन का परिचालन होगा। गाड़ी संख्या 05736 कटिहार - अमृतसर होली स्पेशल ट्रेन कटिहार से 18 फरवरी से 20 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को कटिहार से रात्रि 21:00 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 09:45 बजे अमृतसर पहुंचेगी।गाड़ी संख्या 05736 अमृतसर-कटिहार होली स्पेशल ट्रेन अमृतसर से 20 फरवरी से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 13 : 25 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 23:45 बजे पहुंचेगी।

## खेत पटवन विवाद में तलवार से हमला :एक ही परिवार के 5 लोग घायल, महिला पटना रेफर

**जमुई,एजेंसी।** जमुई जिले के खैरा थाना अंतर्गत नीमनवादा गांव में खेत पटवन को लेकर हुए विवाद में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। पड़ोसियों ने तलवार, लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला किया। घायलों में एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें पटना रेफर किया गया है। घायलों की पहचान नीमनवादा गांव निवासी निर्मल यादव उर्फ चेतन यादव, उनकी पत्नी सुशीला देवी, पुत्र संजय यादव, केदार कुमार यादव और बहू सुनीता देवी के रूप में हुई है।

## एसएसबी बीरपुर में दो दिवसीय मानव तस्करी विषय पर कार्यशाला का सफल आयोजन



**सुपौल, ,एजेंसी।** सशस्त्र सीमा बल की 45वीं वाहिनी, बीरपुर मुख्यालय में कमांडेंट गौरव सिंह के मार्गदर्शन में मानवरोधी इकाई द्वारा मानव तस्करी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य मानव तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के प्रति कार्मिकों को जागरूक करना और उनकी कार्यक्षमता को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान मानव तस्करी के विभिन्न स्वरूप, इससे संबंधित कानूनी प्रावधान व नीतियां, पीड़ितों की पहचान और संरक्षण, पुनर्वास की प्रक्रिया, रोकथाम में विभिन्न एजेंसियों की भूमिका तथा संवेदनशील दृष्टिकोण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में अंतर-एजेंसी समन्वय को मजबूत करने पर भी विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर उप कमांडेंट सुमन सौरभ, उप कमांडेंट प्रवीण कुमार कौशिक, उप कमांडेंट हरजीत राव, उप निरीक्षक भावना, सर्वो प्रयास संस्थान की सचिव निर्मला, जिला बाल संरक्षण इकाई अररिया के सहायक निदेशक शंभू कुमार रजक, जागरण कल्याण भारती के सचिव संजय कुमार तथा बाल कल्याण समिति के सदस्य पंचम नारायण सिंह उपस्थित रहे। दो दिवसीय प्रशिक्षण में वाहिनी के 35 कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यशाला के माध्यम से मानव तस्करी की रोकथाम हेतु समन्वित प्रयास, संवेदनशीलता और प्रभावी कार्रवाई पर विशेष जोर दिया गया।

# मढ़ौरा में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** बुधवार 11 फरवरी 2026 को स्थानीय थाना खेल मैदान, मढ़ौरा में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ।कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चित्राली उपाध्याय ने भारत माता के गीतों से देशभक्ति का संचार किया और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात रखी। मुख्य वक्ता विद्या भूषण जी ने सनातन धर्म की गहराई को समझाया और मढ़ौरा के उन वीर सपूतों को याद किया जिन्होंने धर्म और राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया। मधेपुरा के जिला संघ प्रचारक साहिल जी ने संगठन के विचारों को साझा किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवा निवृत शिक्षक जय नारायण सिंह ने धर्म परिवर्तन जैसी चुनौतियों पर समाज को जागरूक किया।जिसको लेकर भाजपा नेता मनोज सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन सामाजिक एकजुटता के लिए महत्वपूर्ण हैं। स्थानीय आम लोगों की भागीदारी से मढ़ौरा में भव्य आयोजन संभव हो सका। इसका संदेश पूरे सुदूर गांवो तक पहुंचाने का था और कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की औपचारिक समापन भाजपा नेता मनोज सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।



## इंजीनियर की सड़क हादसे में मौत

सिवान। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहनी पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जियो इंजीनियर की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। गश्ती पर निकली मुफस्सिल थाना की पुलिस ने युवक को सड़क किनारे घायल अवस्था में देखा और तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दरभंगा जिले के बहेरा थाना क्षेत्र के बेनीपुर बैगनी निवासी रविंद्र मलिक के पुत्र अमित कुमार मलिक के रूप में हुई है। अमित सिवान में जियो टेलीकाम कंपनी के पार्टनर एनआईपीएल में इंफ्रा इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह अमित काम पर निकला था और गोपालगंज के बरौली में कार्य समाप्त कर वापस लौट रहा था, तभी हादसा हो गया। पुलिस ने मोबाइल से सहयोगियों को घटना की सूचना दी। इसके बाद सभी सदर अस्पताल पहुंचे। इस मामले में मुफस्सिल थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गश्ती दल ने युवक को सड़क किनारे गिरा पाया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया था, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित किया। स्वजनों को सूचना दी गई और उनके आने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की गई।

## गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायज़ा

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारियों ने मंगलवार की देर रात जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनमानस में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस टीमें गली-मोहल्लों, बाजारों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सक्रिय दिखाई दी। बबुनिया मोड़, तरवारा मोड़, जेपी चौक सहित सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमें रात में सड़कों पर उतरीं और गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की। पुलिस ने देर रात घूमने वालों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने का भरोसा दिलाया। इस संबंध में एसपी ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान पुलिस द्वारा अपराध एवं बदमाशों पर अंकुश लगने व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर संदिग्ध स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

## मनाया गया सुरक्षित इंटरनेट दिवस

सिवान। इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एनआईसी के वीसी कक्ष में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, ए आई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की थीम पर किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना-विज्ञान पदाधिकारी एवं वैज्ञानिक-डी, राजीव कुमार सिंह ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से इंटरनेट और आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स (एआइ) के सुरक्षित उपयोगिता की जानकारी दी गई। साइबर क्राइम, साइबर फ्राड व उनसे बचने के तरीकों, ओटीपी के सुरक्षित लेन-देन, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, स्ट्रांग पासवर्ड की महत्ता जैसे विभिन्न विषयों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यशाला में आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स (एआइ) के उपयोग करते समय किन-किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए उसके बारे में बताया गया। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स (एआइ) के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर क्राइम, साइबर फ्राड के बदलते स्वरूपों (जैसे डिपफेक, डिजिटल अरेस्ट एवं अन्य) और उनसे बचने के लिए साइबर हाइजिन की आदतों के बारे में बताया गया। कार्यशाला में साइबर हाइजिन की भी बात की गई जिसमें मोबाइल में अनुपयोगी एप हटाना, रिमोट एक्सैस वाले एप का प्रयोग नहीं करना, ब्राउजर की कूकीज क्लियर करना, साफ्टवेयर एवं हार्डवेयर को अपडेट रखना, सिर्फ अधिकृत स्त्रोत का उपयोग व सावधानीपूर्वक बरतने आदि के बारे में जानकारी दी गई।

## विभिन्न मामलों में 17 आरोपितों की हुई गिरफ्तारी

सिवान। जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जिला पुलिस लगातार सक्रिय कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 17 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 17 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में दस, हत्या का प्रयास के कांड में एक, चोरी के कांड में एक, वांरट में चार व विविध कांड में एक गिरफ्तारी की गई। वहीं 90 लीटर देसी शराब व 726.3 लीटर विदेसी शराब जब्त की गई। जबकि 42 वारंट व नौ कुर्की का निष्पादन किया गया।

## महाशिवरात्रि को ले सदर एसडीओ ने जारी किया पत्र

सिवान। सदर अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष गुप्ता ने पत्र जारी कर सारण, गोपालगंज व यूपी से आने वाले डीजे पर 14 व 15 को प्रतिबंधित लगा दिया है। वहीं महाशिवरात्रि को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर सदर अनुमंडल क्षेत्रांतर्गत 15 फरवरी को मनाया जाना है। महाशिवरात्रि के दिन शिव बारात के अवसर पर जुलूस निकाले जाने की सूचना प्राप्त है। सूचनानुसार सारण, गोपालगंज तथा उत्तर प्रदेश से डीजे लाने की प्राप्त सूचना आ रही है। इससे विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने से इंकार नही किया जा सकता है। अतः सभी सीमावर्ती उक्त जिला एवं राज्य से आनेवाले डीजे को प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु मैंने ने सारण, गोपालगंज एवं राज्य उत्तर प्रदेश से सीमावर्ती क्षेत्र से आनेवाले डीजे को लेकर 14 से 15 फरवरी को 12 बजे रात्रि तक निम्नांकित कार्य निषिद्ध कर दिया है। सभी सीमावर्ती क्षेत्रों से आनेवाले डीजे को 14 से 15 फरवरी को 12 बजे रात्रि तक प्रतिबंधित किया गया है। महाशिवरात्रि के साथ निकाले जाने वाले जुलूस/बरात के साथ डीजे, आर्केस्ट्रा एवं अश्लील नृत्य-गीत के प्रयोग को सर्वथा प्रतिबंधित कर दिया गया है। कर्तव्य पर प्रतिनियुक्त सरकारी पदाधिकारी व पुलिस बल के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को आग्नेयास्त्र एवं घातक हथियार लेकर चलना प्रतिबंधित कर दिया गया है। जबतक कि सक्षम प्राधिकार से अन्यथा आदेश प्राप्त नहीं हो। किसी भी व्यक्ति, दल, संगठन, अनुज्ञप्तिधारी, समिति के सदस्य द्वारा किसी भी प्रकार के राजनैतिक झांकी का प्रदर्शन निषिद्ध कर दिया गया है।

## मशरक में बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल, रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार की रात इलाज के लिए गंभीर हालत में दो युवकों को भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल मशरक के बड़वाघाट गांव निवासी 18 वर्षीय गुलसन कुमार और 23 वर्षीय विनय कुमार हैं। घटना के बारे में बताया गया कि बाइक सवार मढ़ौरा गये थें वहीं से बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे कि मशरक शीतलपुर एस एच 73 पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## डीएम ने पत्र जारी कर दिए आदेश, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर राजस्व कर्मचारी

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने पत्र जारी कर हड़ताल में शामिल राजस्व कर्मचारियों के प्रभार को पंचायत सचिव या अंचल अमीन को सौंपने की कार्रवाई की है। इस संबंध में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष द्वारा संसूचित किया गया है कि जिले के सभी राजस्व कर्मचारियों बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। जिले के सभी राजस्व कर्मचारियों को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के पश्चात महाअभियान, दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, ई-मापी एवं अन्य राजस्व संबंधी कार्य बाधित हो सकता है। उक्त परिपेक्ष्य में कार्य को सुचारू ढंग से संचालन हेतु समाहर्ता द्वारा निर्देश दिया गया। बताया कि हड़ताल में शामिल राजस्व कर्मचारियों के प्रभार को पंचायत सचिव या अंचल अमीन को सौंपने की कार्रवाई करेंगे। हड़ताल में शामिल राजस्व कर्मचारियों के डोंगल के स्थान पर राजस्व कार्यो के लिए पंचायत सचिव या अंचल अमीन का डोगल सक्रिय करने की कार्रवाई की जाए। हड़ताल में शामिल राजस्व कर्मचारियों को विभाग द्वारा दिये गये लैपटाप जमा कराया जाय। हड़ताल में शामिल राजस्व कर्मचारियों से राजस्व अभिलेखों की चाभी हस्तगत करा लिया जाय। सभी अंचल अधिकारी को समाहर्ता ने आदेश दिया है कि अंचल कार्यालय में पदस्थापित वैसे राजस्व कर्मचारी जो हड़ताल में शामिल नहीं हैं उनको छोड़कर अन्य राजस्व कर्मचारियों से राजस्व संबंधी सभी कागजातों को प्राप्त कर लेंगें।